जिले में बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

▶ 29-30 जून को टीमें घर-घर जाकर देंगी खुराक

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून. जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को जिला अस्पताल से किया गया.अपर कलेक्टर विनय द्विवेदी ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की.

इस दौरान एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे. रविवार को जिलेभर में पोलियो बूथों के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई गई.वहीं कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी.

सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने बताया कि जिले में इस अभियान के तहत 3 लाख 4 हजार 334 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है.इसके लिए 2,382 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जबकि 6,510 टीम सदस्यों और 244 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है.वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण और वितरण के लिए 28 फोकल प्वाइंट भी बनाए गए हैं.

> जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आनंद चौरसिया ने बताया कि सभी विकासखंडों में माइक्रोप्लान तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं .स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत का लक्ष्य कायम रखा जा सके .

युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, वाहन तोड़ा

▶ घायल ने 50 हजार रुपये लूटने का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक 21 वर्षीय युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया.वाहन में भी तोड़फोड़ कर दी. घायल युवक ने हमलावरों पर 50 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है. हालांकि पुलिस का कहना है कि फिलहाल लूट की पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है.

घायल की पहचान ऋतिक कुशवाहा के रूप में हुई है, जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है.ऋतिक ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने चाचा द्वारा दिए गए 50 हजार रुपये अपनी चाची को देने जा रहा था.इसी दौरान मुक्तिधाम के पीछे सुमित कुशवाहा और अजय नामक दो युवकों ने उसे रोक लिया. आरोप है कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और उससे रुपये मांगने लगे.मना करने पर उन्होंने कार की चाबी निकाल ली और वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी.विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा.ऋतिक का आरोप है कि इसके बाद आरोपी कार में रखे 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए.एसआई कुलदीप सिंह जादौन ने बताया कि.लूट के आरोपों की भी जांच की जा रही है.उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

एक नजर में

टैक्सी को बोलेरो ने टक्कर मारी, चालक की मौत

छतरपुर, 28 जून. जिले में देर रात एक भीषण सड़क हादसे में टैक्सी चालक की मौत हो गई, जबकि टैक्सी में सवार पांच यात्री घायल हो गए .सभी यात्री बागेश्वर धाम से दर्शन कर खजुराहो रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे . जानकारी के अनुसार, सवारियों से भरी टैक्सी जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी .टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैक्सी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक सहित सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए . हादसे की सूचना मिलते ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की रेस्क्यू टीम और डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची .सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया .इलाज के लिए ले जाते समय टैक्सी चालक छोटू कुशवाहा (34), पिता कालीचरण, निवासी चुरारान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया . घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है .पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है .वहीं अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है .पुलिस हादसे के कारणों और फरार वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

विधायक ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

छतरपुर, 28 जून . जिले के बिजावर में विधायक राजेश शुक्ला ने अपने निज निवास पर जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं, सुझाव और जनभावनाएं सुनीं .इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे .विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए . विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और क्षेत्र के विकास तथा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं .उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े .जनसुनवाई के दौरान कई स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई .

रेलवे ट्रैक पर मिला क्षत-विक्षत शव

छतरपुर, 28 जून . जिले के मातगुवां थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई .शव की हालत इतनी खराब थी कि उसकी पहचान नहीं हो सकी .सूचना मिलते ही मातगुवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की .इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया .प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है . थाना प्रभारी अंकुर चौबे ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को शव की पहचान संबंधी कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि मृतक की शिनाख्त कर उसके परिजनों तक जानकारी पहुंचाई जा सके .

एक रात में 3 घरों से लाखों का सामान ले उड़े चोर

▶ दो माह पहले भी 3 घरों में हुई थी चोरी

नवभारत न्यूज

चंदला/बछौन, 28 जून. चंदला थाना क्षेत्र की बछौन चौकी अंतर्गत ग्राम बलकौरा में शनिवार रात चोरों ने एक ही परिवार के तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया.

चोरों ने मिजाजीलाल अहिरवार, रामपाल अहिरवार एवं बाबूलाल अहिरवार के घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने ताले और कुंडियां काटकर घरों में प्रवेश किया.पीड़ित मिजाजीलाल अहिरवार ने बताया कि वह रात में छत पर सो रहे थे.नीचे के सभी दरवाजे बंद थे, लेकिन सीढ़ियों का दरवाजा खुला था.आशंका है कि चोर पड़ोसी की छत से उनके घर पहुंचे. चोर लगभग 1 किलो चांदी, 3 नग सोने के जेवर, नाक की पुगरी, 2 गले की पंखी तथा 50 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए. जाते समय चोर अंदर की कुंडी तोड़कर बाहर से दरवाजा बंद कर फरार हो गए. दूसरे पीड़ित रामपाल अहिरवार ने बताया कि उनका मकान निर्माणाधीन है और एक दीवार खुली होने के कारण चोर उसी रास्ते से अंदर आए होंगे.सुबह उठने पर कमरे का ताला गायब मिला और अलमारी व बक्से खुले पड़े थे.मकान निर्माण के लिए रखे 52 हजार 600 रुपये नकद चोरी हो गए, जबकि अन्य सामान सुरक्षित मिला. तीसरे पीड़ित बाबूलाल अहिरवार फिलहाल बाहर मजदूरी करने गए हुए हैं.उनके घर पर ताला लगा था.उनकी माता चुनूंबादी अहिरवार ने बताया कि सुबह करीब 10:30 बजे जब घर पहुंचीं तो ताला टूटा मिला.अंदर सामान बिखरा पड़ा था और बक्सों के ताले भी काटे गए थे. .ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो माह पहले भी गांव में तीन घरों में चोरी हुई थी.पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला ने कहा कि आरोपियों का जल्द पता लगाने का प्रयास किया.

शराब दुकान के बाहर खड़ी मिली एम्बुलेंस, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून.जिले के घुवारा नगर में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है. आरोप है कि सरकारी अस्पताल की एम्बुलेंस मरीजों की सेवा देने के बजाय शराब दुकान के बाहर करीब दो से ढाई घंटे तक खड़ी रही.घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में नाराजगी है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब स्थानीय ग्रामीणों ने एम्बुलेंस चालक से वाहन शराब दुकान के बाहर खड़ा करने का कारण पूछा तो उसने खाना खाने की बात कही.हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि एम्बुलेंस का इस तरह उपयोग पहली बार नहीं हुआ है और ऐसी लापरवाही पहले भी देखने को मिल चुकी है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है.

टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

▶ जिला अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसा थाना के पास उस समय हुआ, जब युवक गढ़ीमलहरा जा रहा था.

जानकारी के अनुसार कनेरा निवासी 26 वर्षीय रमेश कुशवाहा बाइक से अपने घर से गढ़ीमलहरा की ओर जा रहे थे.इसी दौरान गढ़ीमलहरा थाना के पास उनकी बाइक की एक चार पहिया वाहन से टक्कर हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया.

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कर लिया, जहां उसका इलाज जारी है. हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

आंगनबाड़ी केंद्रों में साइबर सुरक्षा संदेश

▶ ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए बताए उपाय

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून. जिले के महाराजपुर में सेफ क्लिक अभियान के तहत पुलिस ने आंगनबाड़ी केंद्रों में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.इस दौरान महिलाओं और स्थानीय लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड तथा डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए.

पुलिस ने लोगों को सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओटीपी, बैंकिंग जानकारी या व्यक्तिगत विवरण किसी के साथ साझा न करें.साथ ही किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई.कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक और सतर्क बनाना रहा।

भोजन की तलाश में घर की छत पर पहुंचे नंदी

बुधनी. नगर के वार्ड 12 में रविवार को एक अनोखी घटना सामने आई. भोजन की तलाश में भटकते हुए एक नंदी सीढ़ियों से मकान की दूसरी मंजिल तक पहुंच गया.जिससे घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया. लोगों ने उसे रोटी खिलाकर नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन आगे रास्ता नहीं होने के कारण नंदी वहीं फंस गया. काफी प्रयास के बाद युवक मुकेश पटेल एवं साथियों ने सूझबूझ और मेहनत से नंदी को सुरक्षित नीचे उतारा. इसके बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली. लोगों का कहना है कि गौशाला संचालित होने के बावजूद बड़ी संख्या में मवेशी भटकते रहते हैं.

आकाशीय बिजली गिरने से 6 बकरियों की मौत

▶ देवपुर गांव में की घटना

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून. घुवारा क्षेत्र के ग्राम देवपुर में शनिवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से छह बकरियों की मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे झिनन की टोरिया हार स्थित खेत में बकरियां चर रही थीं.

इसी दौरान तेज आंधी-तूफान और बारिश के बीच बिजली गिर गई. इसकी चपेट में आने से छह बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चरवाहा सुरक्षित बच गया. मृत बकरियां ग्राम देवपुर निवासी जगदीश यादव की थीं. घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया.प्रशिक्षु तहसीलदार शिवम दीक्षित ने बताया कि हल्का पटवारी और पशु चिकित्सक को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है.जांच पूरी होने के बाद पीड़ित परिवार को आरबीसी 6(4) के तहत नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उधर, जिले में मानसून ने हवा, गरज और हल्की बारिश के साथ दस्तक दे दी है.हालांकि बारिश के बाद तेज धूप निकलने से उमस और बढ़ गई है.हल्की बारिश का तालाबों, नदियों और बांधों के जलस्तर पर कोई खास असर नहीं पड़ा, जबकि कई क्षेत्रों में जलभराव और बिजली आपूर्ति की समस्या भी बनी रही.

रविवार को जिले के अलग-अलग हिस्सों में हल्की बारिश हुई, लेकिन कुछ ही देर बाद मौसम साफ हो गया और तेज धूप निकल आई.इससे गर्मी और उमस बढ़ गई.कई स्थानों पर कूलर और पंखे भी लोगों को राहत नहीं दे सके.नालियों में पानी भरने से गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल गया, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है.

रामलीला में श्रीराम जन्मोत्सव देखकर भाव विभोर हुए दर्शक

सीहोर. प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में श्री रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है. रात्रि आठ बजे से ग्यारह बजे तक यहां पर कलाकारों के द्वारा भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर राजतिलक तक सुंदर प्रस्तुति दी जा रही है. रामलीला मंचन में श्रीराम जन्मोत्सव देखकर यहां पर मौजूद श्रद्धालु भाव विभार हो गए. रामलीला के दौरान संत माधवदास महाराज, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा का सम्मान किया गया.

संकल्प ▶ जल अर्पण दिवस मनाया, पेयजल योजना ग्राम की पानी समिति को हस्तांतरित की

मैलवार गांव में ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 28 जून. जिले के बड़ामलहरा विकासखंड के ग्राम मैलवार में जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में अतिरिक्त सचिव, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं मिशन निदेशक राष्ट्रीय जल जीवन मिशन कमल किशोर सोन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.

उनके साथ कलेक्टर पार्थ जैसवाल, मध्य प्रदेश जल निगम के प्रबंध संचालक के.वी.एल. चौधरी, डायरेक्टर वाई.के. सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे.

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण अपने-अपने घरों से जल लेकर पहुंचे और सामूहिक कलश में जल अर्पित कर जल संरक्षण का संदेश दिया.अतिरिक्त सचिव ने एक घर में नल चलाकर जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा बानसुजारा जल परियोजना की जानकारी लेकर अधिकारियों को अंतिम छोर तक निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

इस अवसर पर ग्राम की पानी समिति को योजना का सांकेतिक हस्तांतरण किया गया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.स्थानीय भाषा में ग्रामीणों ने जल संरक्षण और जल के सदुपयोग का सामूहिक संकल्प भी लिया. अधिकारियों ने ग्रामवासियों से जल संरचनाओं को अपनी संपत्ति मानकर उनके संरक्षण और रखरखाव में सहयोग करने का भी आग्रह किया.

> कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत बड़ामलहरा परियोजना से 119 गांवों में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है .उन्होंने ग्रामीणों से नियमित जलकर जमा करने की अपील करते हुए कहा कि इससे योजना का संचालन लंबे समय तक बिना किसी बाधा के जारी रह सकेगा .

स्कूल परिसर में पटाखा बम फटने की जांच शुरू

▶ सिलगांव में हुए हादसे में दो बच्चे घायल हो गए थे

▶ अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

नवभारत न्यूज

चंदला/छतरपुर, 28 जून. जिले के चंदला क्षेत्र के सिलगांव प्राथमिक विद्यालय में पटाखा बम फटने से दो बच्चों के घायल होने के मामले में शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है.घटना के बाद विभागीय अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

गौरतलब है कि 24 जून को स्कूल परिसर में खेलते समय दो बच्चों को एक लावारिस पटाखा बम जैसी वस्तु मिली थी.उससे छेड़छाड़ करते ही जोरदार विस्फोट हो गया, जिसमें दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए.दोनों का उपचार जारी है.निरीक्षण के दौरान बीआरसी अनुराग खरे और बीओ नरेश गुप्ता ने घायल बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिया.अधिकारियों ने कहा कि बच्चों के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी.

बीओ नरेश गुप्ता ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है.जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ स्कूल प्रशासन की ओर से एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल नहीं है, जिससे बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती है.अधिकारियों ने जल्द ही बाउंड्री वॉल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया.वहीं ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है.